विद्‌याभवन बालिका विद्‌यापीठ लखीसराय

कक्षा – षष्ठ दिनांक -29 - 01 - 2022

विषय -हिन्दी विषय शिक्षक - पंकज कुमार

सुप्रभात् बच्चों आज विशेषण की परिभाषा के बारे में पुनः अध्ययन करेंगे।

विशेषण की परिभाषा

-संज्ञा या सर्वनाम शब्द की विशेषता बताने वाले शब्द को विशेषण कहते हैं। यानी विशेषण वो शब्द होते हैं जो संज्ञा या सर्वनाम शब्दों के साथ लगकर उनकी विशेषता बताते हैं। जैसे - हरा, गोल मीठा, खट्‌टा, ईमानदार, अच्छा, सुन्दर, लाल, नीला, दयालू, लंबा, पतला, दुबला, मूर्ख, बुद्‌धिमान आदि।

विशेषण के उदाहरण से समझते हैं -

एक शब्द ले लेते हैं अंगूर। अंगूर एक संज्ञा है। अब अंगूर की विशेषता क्या हो सकती है - गोल, हरा, खट्‌टा या मीठा। तो चलिए देखते हैं -

अंगूर हरा है।

अंगूर मीठा है।

इसमें "अंगूर" शब्द संज्ञा है लेकिन इसकी विशेषता बताने वाले शब्द "हरा" और "मीठा" विशेषण कहलायेंगे। क्यूंकि संज्ञा व सर्वनाम की विशेषता बताने वाले शब्द को ही विशेषण कहा जाता है और दिए गए उदाहरण में "हरा' व "मीठा" शब्द संज्ञा यानी "अंगूर" की विशेषता बता रहे हैं।

एक और उदाहरण -

सोनू अच्छा लड़का है।

इसमें "सोनू" शब्द संज्ञा है और इसकी विशेषता बताई जा रही है कि वह "अच्छा" लड़का है। इसका मतलब इसमें "अच्छा" शब्द विशेषण है।

गुण, दोष, आकार, स्वाद, संख्या व रंग रूप के आधार पर हम विशेषण शब्दों की पहचान कर सकते हैं।

विशेषण के भेद के बारे में भी आपको बताएँगे पहले जान लेते हैं विशेष्य किसे कहते हैं?